भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1966
07 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

मेजर और कैप्टन की कमी

1966. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सशस्त्र बलों को अपने रैंकों में मेजर और कैप्टन की कमी का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) सशस्त्र बलों में मेजर और कैप्टन के कुल संस्वीकृत पदों और रिक्त पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है ;

(घ) सशस्त्र बलों में ऐसी रिक्तियां किस तरह से इनकी तत्परता और तैयारी को प्रभावित करती हैं ; और

(ड.) सरकार द्वारा ऐसी मौजूदा रिक्तियों को तत्काल भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ड.): सैन्य बलों में मेजर और कैप्टन (अथवा समकक्ष) रैंक के स्वीकृत और रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	रैंक/श्रेणी	स्वीकृत संख्या	रिक्त पद
01	मेजर (अथवा समकक्ष)	24,141	3,999
02	कैप्टन (अथवा समकक्ष)	15,632	6,278

सैन्य बलों की संक्रियात्मक तैयारी और प्रभावकारिता का अनुरक्षण संगठनात्मक संसाधनों से किया जाता है। सैन्य बलों के कार्मिकों की मौजूदा संख्या वर्तमान संक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है ।

सरकार ने सैन्य बलों की रिक्तियों को भरने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ ऑडियों, विजुअल, प्रिंट, इंटरनेट और सोशल मीडिया में बेहतर छवि प्रस्तुत करना/प्रचार पर अधिक जोर देना तथा रोज़गार मेलों, प्रदर्शनियों, स्कूलों और कॉलेजों में प्रेरक व्याख्यानों का आयोजन, कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति इत्यादि शामिल है ।

***